# कार्यालय : जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग

## मनरेगा योजनान्तर्गत विभिन्न पदों की रिक्तियों के विरूद्ध अभ्यावेदन आमंत्रित करने हेतू जिला के वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ सूचना

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प ज्ञापांक 4729 दिनांक 04.06.2007 एवं नियुक्ति सेवा शर्त्त एवं कर्त्तव्य (संशोधन) नियमावली 2012 के संकल्प ज्ञापांक 6440 दिनांक 17.07.2012 तथा सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निर्गत संकल्प ज्ञापांक (N) 848 दिनांक 21.03.2017 से निर्गत (नियुक्ति, सेवा शर्त्त एवं कर्तब्य नियमावली–2017) के आलोक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग के अधीन महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर नियुक्ति पूर्णतया संविदा के आधार पर किया जाना है। रिक्त पदों की विस्तृत विवरणी निम्नवत है :–

| पद का नाम | अना0 | अनु0 जनजाति | अनु0जाति | अ0पि0वर्ग | पि0वर्ग | आ0क0व | कुल पद | नि: ाक्तता के अनुमान्य प्रवर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 01 | |
| तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) | 06 | 0 | 02 | 03 | 02 | 01 | 14 | |
| तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) | 11 | 02 | 06 | 03 | 02 | 03 | 27 | प्रवर्ग (क)–1<br>प्रवर्ग (ख)–1<br>(क्षैतिज रूप से) |
| लेखा सहायक | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 02 | |
| कम्प्यूटर सहायक | 02 | 0 | 01 | 02 | 0 | 01 | 06 | |
| ग्राम रोजगार सेवक | 49 | 01 | 07 | 04 | 02 | 07 | 70 | प्रवर्ग (क)–2<br>प्रवर्ग (ख)–2<br>प्रवर्ग (घ+ड़)–1<br>(क्षैतिज रूप से) |

**(आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग के पत्रांक 1195 दिनांक 25.08.2023 से उपरोक्त कोटि का आरक्षण रोस्टर अनुमोदित है।)**

- **आव यकतानुसार रिक्त पदों में परिवर्तन संभव है।**
- **रिक्ति में राज्य सरकार द्वारा निर्गत आरक्षण नीति लागू मानी जायेगी।**

**1. अर्हता :–**

**(क) अनु0जा0/अनु0ज0जा0/पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग/नि: ाक्त श्रेणी** के अभ्यर्थियों के छूट के लिए सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य है।

**(ख) आवासीय प्रमाण पत्र** के लिए अभ्यर्थियों को स्थाई निवासी का प्रमाण पत्र सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत होना अनिवार्य है।

**2. प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के पद के लिए अपेक्षित भौक्षणिक योग्यताऐं :–**

**(i) अनिवार्य योग्यता –**

सरकारी मान्यता प्राप्त वि ववविद्यालय/संस्थान से किसी भी संकाय एवं विषय में स्नातक प्रतिष्ठा 55 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण। सामान्य स्नातक तथा वैसे स्नातक प्रतिश्ठा उत्तीर्ण जिनका प्राप्तांक प्रतिशत 55 प्रतिशत से कम है परन्तु वे स्नात्तकोत्तर उत्तीर्ण हों तो वे भी आवेदन समर्पित कर सकेंगे। सामान्य स्नातक तथा स्नातक प्रतिष्ठा में समतुल्यता स्थापित करने के लिए सामान्य स्नातक के प्राप्तांक प्रतिशत में 10 घटा दिया जायेगा तथा ऐसे घटे हुए प्राप्तांक प्रति ात को स्नातक प्रतिश्ठा की कोटि में अंकित किया जायेगा।

**(ii) अतिरिक्त योग्यता –**

(कं) सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से एम.बी.ए/पी.जी.डी.बी.ए./पी.जी.डी.बी.एम./पी.जी.डी.आर.डी./बी.सी.ए./बी0एस0सी कम्प्यूटर/बी0एस0सी0 कंप्यूटर ऑनर्स तथा एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 (कंप्यूटर विज्ञान) अतिरिक्त योग्यताऐं मानी

जायेगी। एम0बी0ए0 एवं पी0जी0डी0बी0एम0/पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0आर0डी0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0एम0/पीजीडीआरडी के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटाकर एम0सी0ए0 की कोटि में प्राप्तांक प्रतिशत जोड़ा जायेगा। बी0सी0ए0 तथा सामान्य बी0एस0सी0 कंप्यूटर को बी0एस0सी0 कंप्यूटर ऑनर्स की श्रेणी में लाने हेतु उनमें प्राप्तांक प्रतिशत से 5 क्रमशः घटा दिये जायेंगे तथा बी0एस0सी0 कंप्यूटर ऑनर्स कोटि में तदनुरूप प्राप्तांक प्रतिशत जोड़ा जायेगा।

(ख) एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 कम्प्यूटर को समान योग्यताएं समझा जायेगा एवं तदनुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़े जायेंगे। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जायेगा। जबकि अभ्यर्थी ने बी0सी0ए0 या बी0एस0सी0 कंप्यूटर सांईंस या बी0एस0सी कंप्यूटर ऑनर्स के पश्चात् पी0जी0डी0सी0ए0 किया हो अन्यथा पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 10 घटा कर उसके प्राप्तांक को एम0सी0ए0 की कोटि में रखा जायेगा।

3. **<u>तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष)</u> के पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक योग्यताऐं–**

(i) **अनिवार्य योग्यता –**

सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल संकाय में बी0ई0 या बी0टेक0 अनिवार्य योग्यता होगी।

(ii) **अतिरिक्त योग्यता –**

(कं) सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल संकाय में एम0टेक0 तथा पी0जी0डी0सी0ए0/एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 कंप्यूटर सांईंस अतिरिक्त योग्यता होगी।

(ख) एम0सी0ए0/एम0एस0सी0 कंप्यूटर को समान योग्यताऐं समझा जायेगा एवं तदनुरूप उनके प्राप्तांक प्रति ात मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़े जायेंगे। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रति ात में 5 घटा दिया जायेगा।

4. **<u>तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष ) के पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक योग्यताऐं</u> –**

(क) अनिवार्य योग्यता – सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल संकाय में डिप्लोमा अनिवार्य होगी।

(ख) अतिरिक्त योग्यता –

सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल संकाय में बी0टेक0 / बी0ई0, बी0सी0ए0 / बी0एस0सी0 कम्प्यूटर / बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स तथा एम0सी0ए0 / पी0जी0डी0सी0ए0 / एम0एस0सी0 कम्प्यूटर साईंस अतिरिक्त योग्यता होगी।

बी0सी0ए0 तथा सामान्य बी0एस0सी0 कम्प्यूटर को बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स की श्रेणी में लाने के हेतु उनमें प्राप्तांक प्रतिशत से 5 क्रमशः घटा दिये जायेंगे तथा बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स कोटि में तदनुरूप प्राप्तांक प्रतिशत जोड़ा जायेगा।

एम0सी0ए0/ एम0एस0सी0 कम्प्यूटर को समान योग्यताएं समझा जायेगा एवं तदनुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़े जायेंगे। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जायेगा।

5. **<u>लेखा सहायक पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक योग्यताए –</u>**

(क) **अनिवार्य योग्यता**

सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से बी0कॉम आनर्स या सामान्य बी0कॉम न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक से उतीर्ण। सामान्य बी0कॉम उतीर्ण जिन्हें 55 प्रतिशत प्राप्त नहीं हुआ हो परन्तु जिन्होने तत्पश्चात एम0कॉम0 किया हो तो वे आवेदन दे सकेंगे परन्तु बी0कॉम के कुल प्रतिशत में 5 घटा कर उसे बी0कॉम ऑनर्स की कोटि में अंकित किया जायेगा।

(ख) **अतिरिक्त योग्यता –**

सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0कॉम0, बी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0/पी0जी0डी0सी0ए0/ एम0एस0सी0 अतिरिक्त योग्यता होगी।

एम0सी0ए0/ एम0एस0सी0 कम्प्यूटर को समान योग्यताएं समझा जायेगा एवं तदनुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़े जायेंगे। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जायेगा जबकि अभ्यर्थी ने बी0सी0ए0 के पश्चात् पी0जी0डी0सी0ए0 किया हो अन्यथा पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 10 घटा कर उसके प्राप्तांक को एम0सी0ए0 की कोटि में रखा जायेगा।

6. **<u>कम्प्यूटर सहायक पद</u> के लिए अपेक्षित शैक्षणिक योग्यताएं –**

(क) **अनिवार्य योग्यता –**

सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से निम्नांकित कोटि के व्यक्ति आवेदन दे सकेंगे –

बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स / बी0एस0सी0 कम्प्यूटर सामान्य / बी0सी0ए0 / सामान्य स्नातक उत्तीर्ण के पश्चात पी.जी.डी. सी.ए. उत्तीर्ण। बी0सी0ए0 तथा सामान्य बी0एस0सी0 कम्प्यूटर के प्रतिशत प्राप्तांक में 5 घटाते हुए उसे बी0एस0सी0 कम्प्यूटर ऑनर्स की कोटि में अंकित किया जायेगा। वैसे सामान्य स्नातक जिन्होंने ततपश्चात पी0जी0डी0सी0ए0 किया हो, के सामान्य स्नातक के प्रतिशत प्राप्तांक में 10 घटा कर बी0एस0सी0 कम्पयूटर ऑनर्स की कोटि में अंकित किया जायेगा।

(ख) **अतिरिक्त योग्यता** –

सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से एम0सी0ए0 / पी0जी0डी0सी0ए0 / एम0एस0सी0 कम्प्यूटर साईंस अतिरिक्त योग्यता होगी।

एम0सी0ए0 / एम0एस0सी0 कम्प्यूटर को समान योग्यताएं समझा जायेगा एवं तदनुरूप उनके प्राप्तांक प्रतिशत मूल रूप में एम0सी0ए0 की कोटि में जोड़े जायेंगे। पी0जी0डी0सी0ए0 तथा एम0सी0ए0 में समतुल्यता लाने हेतु पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जायेगा जबकि अभ्यर्थी ने बी0सी0ए0 / सामान्य बी0एस0सी0 कम्प्यूटर के पश्चात पी0जी0डी0सी0ए0 किया हो अन्यथा पी0जी0डी0सी0ए0 के प्राप्तांक प्रतिशत में 10 घटा कर उसके प्राप्तांक प्रतिशत को एम0सी0ए0 की कोटि में रखा जायेगा।

7. **ग्राम रोजगार सेवक पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक योग्यताएं** –

(क) **अनिवार्य योग्यता** –

सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से इंटरमीडिएट या मैट्रिक परीक्षा के पश्चात् किसी भी ट्रेड में आई0टी0आई0, मैट्रिक के पश्चात आई0टी0आई0 की स्थिति में आई0टी0आई0 के प्राप्तांक प्रतिशत को इन्टरमीडिएट प्राप्तांक के प्रति  ात के समतुल्य समझा जायेगा।

(ख) **अतिरिक्त योग्यता** –

सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से किसी भी विशय / संकाय में स्नातक प्रतिष्ठा / सामान्य स्नातक / बी0सी0ए0 तथा किसी विषय में स्नातकोत्तर / पीजीडीसीए / पीजीडीबीए / पीजीडीआरडी अतिरिक्त योग्यता होगी। स्नातक प्रतिष्ठा के प्रतिशत प्राप्तांक को 5 अंक का अधिभार देते हुए स्नातक की कोटि में अंकित किया जायगा। पीजीडीसीए / पीजीडीबीए / पीजीडीआरडी को स्नातकोतर की श्रेणी में लाने के लिए उसके प्राप्तांक प्रतिशत में 5 घटा दिया जायेगा। अभ्यर्थियों का योग्यता स्कोर का निर्धारण इंटरमीडिएट, स्नातक तथा स्नात्तकोत्तर योग्यताओं के कुल औसत प्रतिशत प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा।

सभी भौक्षणिक योग्यताएँ, जिसकी सरकारी मान्यता प्राप्त हो, ही मान्य होगी।

8. आयु सीमा : दिनांक 01.01.2023 को न्यूनतम 18 वर्श होनी चाहिए एवं अधिकतम

| क्र0 | श्रेणी | सामान्य अधिकतम आयु सीमा | दिब्यांग जनों के लिए |
|---|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 35 वर्श | 45 वर्श |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (आ0क0व0) | 35 वर्श | 45 वर्श |
| 2 | पिछड़ा / अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 37 वर्श | 47 वर्श |
| 3 | महिला (अनारक्षित / पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग) | 38 वर्श | 48 वर्श |
| 4 | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति (महिला एवं पुरूश) | 40 वर्श | 50 वर्श |

9. राश्ट्रीयता : आवेदक भारत का नागरिक हो।

10. आरक्षण : अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण राज्य सरकार के तत्समय प्रवृत आदे  ों के अनुसार निर्धारित किया जायेगा।

11. परिलब्धि :

| **क्र0** | **पदनाम** | Monthly Honorarium (in Rs.) for less than 5 years experience | Monthly Honorarium (in Rs.) for 5 years of more experience |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी | 23140.00 | 23700.00 |
| 2 | तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) | 22000.00 | 22500.00 |
| 3 | तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) | 19000.00 | 19500.00 |
| 4 | लेखा सहायक | 14300.00 | 14800.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | कंप्यूटर सहायक | 14300.00 | 14800.00 |
| 6 | ग्राम रोजगार सेवक | 11000.00 | 12000.00 |

12. **नियुक्ति के नियम एवं शर्त्ते :–**

**(क)** उपर्युक्त पदों पर नियुक्ति पूर्णतया संविदा के आधार पर होगी। ऐसे नियुक्त व्यक्ति को नियमित रूप से नियुक्त करने का सरकार पर कोई दायित्व नहीं होगा।

**(ख)** प्रारंभिक चरण में ऐसी नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जायेगी तथा इस कालावधि के पूर्ण होने के पूर्व पद विशेष पर नियुक्ति के लिए गठित नियुक्ति समिति के द्वारा उनके कार्यों की समीक्षा की जायेगी। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अगले एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति का नवीकरण किया सकेगा। तत्पश्चात राज्य सरकार के द्वारा समय–समय पर किये गये निर्णय के अनुरूप यदि उनके सेवाओं की आवश्यकता बनी रहेगी, तो नियुक्ति समिति द्वारा ही कार्य की समीक्षा के पश्चात उपयुक्त पाये जाने पर वार्षिक रूप से ऐसे नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकेगा।

**(ग)** संविदा के आधार पर नियुक्ति का नियम 11 (ख) में वर्णित प्रावधान के अनुरूप नवीकरण नहीं होने पर ऐसी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जायेगी।

**(घ)** यदि कोई कार्यरत पदाधिकारी/कर्मी ऐसे नियुक्ति से स्वतः मुक्त होना चाहेगा, तो उसे अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से नियुक्ति पदाधिकारी की इसकी सूचना एक माह पूर्व देनी होगी या एक माह की परिलब्धि जमा करनी होगी। इसके विपरित यदि नियुक्ति पदाधिकारी को ऐसे कार्यरत पदाधिकारी/कर्मी की सेवा की आवश्यकता नहीं हो, तो उसे एक माह पूर्व लिखित सूचना या एक माह की परिलब्धि देकर कार्यरत पदाधिकारी/कर्मी की सेवा समाप्त कर सकेंगे।

**(च)** उपर्युक्त पद पर नियुक्ति के लिए किसी भी अभ्यर्थी वि ोश के लिए किसी एक जिला के अभ्यर्थियों का आवेदन स्वीकार किया जा सकेगा। साथ हीं आवेदन पत्र के साथ उन्हें इस आशय का एक शपथ पत्र भी अर्पित करना अनिवार्य होगा कि झारखण्ड प्रांत के किसी अन्य जिला में उस पद विशेष के लिए उनके द्वारा कोई आवेदन नहीं किया गया है। उनके द्वारा अर्पित शपथ पत्र / कोई सूचना यदि कभी भी असत्य पाया जाता है तो उस अभ्यर्थी विशेष की नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जायेगा। साथ ही इसके लिए उसके विरूद्ध उचित कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।

**(छ)** औपबंधिक रूप से चयनित अभ्यर्थियों का दक्षता जॉच किया जायेगा। दक्षता जॉच में प्राप्त अंक मात्र Qualifying nature का होगा। दक्षता जॉच लिखित अथवा मौखिक होगा।

**(ज)** अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय/संस्थान की UGC/AICTE/DEB से संबंधित कागजात आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**(झ)** जिन अभ्यर्थियों का ौक्षणिक प्रमाण पत्र में GRADE अंकित हो तो अभ्यर्थी अपने संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान से प्रतिशत में अंतरण कराकर प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**(ट)** उपरोक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु वरीयता/प्रतीक्षा सूची तैयार की जायेगी जिसकी वैद्यता दो वर्शों की होगी।

**(ठ)** किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जिला स्तरीय चयन समिति की होगी।

13. **आवेदन कैसे जमा करें :–**

**(क)** आवेदक द्वारा आवेदन दिनांक 18.09.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग के नाम से जमा किया जायेगा।

**(ख)** आवेदक एक से अधिक पदो ंके लिए आवेदन समर्पित कर सकते हैं। इसके लिए प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन पत्र समर्पित करना होगा।

**(ग)** अहर्त्ता के अनुरूप आवेदक द्वारा सभी विवरणी को पूर्ण रूपेण भरा जाना अनिवार्य है।

**(घ)** आवेदक द्वारा आधार कार्ड / मतदाता पहचान पत्र/ ड्राईविंग लाईसेंस/ पैन कार्ड में से किसी एक का विवरण आवेदन में देना अनिवार्य है।

**(च)** जॉच परीक्षा की तिथि एवं स्थान की सूचना बाद में दैनिक समाचार पत्र एवं जिले के वेबसाईट http://www.hazaribag.nic.in के माध्यम से दी जायेगी।

**(छ)** अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में भरे गये गलत सूचना पर संबंधित अभ्यर्थी का आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,
हजारीबाग।

**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन प्रपत्र का प्रारूप**

**विज्ञापन संख्या–01/2023**

**जिला– हजारीबाग।**

फोटो

1. पद का नाम :– .................................................................
2. आवेदक का नाम :– .................................................................
3. पिता/पति का नाम :– .................................................................
4. लिंग :–पुरूष/महिला :– .................................................................
5. वैवाहिक स्थिति :–विवाहित/अविवाहित :– ........................................
   (महिला जो तलाकशुदा/परित्यक्ता/विधवा हों तो उल्लेख करें) :– .................
6. फोन नम्बर/ई0मेल आई0डी0 :– .................................................................
7. जन्म तिथि :– ........../............/..........................
8. दिनांक 01.01.2023 को उम्रः– वर्ष ......................माह ................ दिन .............
9. कोटि – सामान्य/ओ0बी0सी0/बी0सी0/निः ाक्त श्रेणी/अनु0जा0/अनु0ज0जा0/आ0क0व0 ..................................
   ...
   (जाति प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे।)
10. राष्ट्रीयता :– .................................................................
11. आवेदक का आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/पैन कार्ड/ ड्राईविंग लाईसेंस का विवरण :–

| क्र0 | पहचान पत्र का नाम | पहचान पत्र का नम्बर | प्रमाण पत्र संलग्न करेंगें |
|---|---|---|---|
| | | | |

12. स्थायी पता :– आवासीय प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे।
    ग्राम– ..................................... पोस्ट– ..................................... पंचायत .....................................
    प्रखण्ड– ................................. थाना– ...................................... जिला ......................................
    पिन कोड– .................................
13. वर्त्तमान पता :– ग्राम– ..................................... पोस्ट– ..................................... पंचायत .....................................
    प्रखण्ड– ................................. थाना– ...................................... जिला ......................................
    पिन कोड– .................................
14. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्र0 | शैक्षणिक योग्यता | विद्यालय/ बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | प्रमाण पत्र का संख्या एवं तिथि | मार्क्स (प्राप्तांक) | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | |
| 2 | इन्टरमिडियट/ 10+2 | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | |
| 4 | स्नात्कोत्तर | | | | |
| 5 | अन्य योग्यता | | | | |

15. तकनीकी दक्षता/ट्रेड का विवरण (यदि कोई हो):–

| क्र0 | तकनीकी योग्यता का नाम | संस्थान का नाम | प्रमाण पत्र का संख्या एवं तिथि | मार्क्स (प्राप्तांक) | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

16. शारीरिक पहचान के दो चिन्ह (क) ....................................
(ख) ....................................

## <u>घोषणा</u>

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गयी उपरोक्त सूचनायें एवं संलग्न प्रमाण पत्र मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। गलत पाये जाने पर तत्क्षण ही मेरी उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान :– ..................................
दिनांक :– ..................................